आ0सं0:–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–04 / 2024.....दिनांक–

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

आदेश

बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, वाल्मी परिसर फुलवारी शरीफ, पटना के पत्रांक–ATI/7689 दि0नांक–04.11.2023 द्वारा निर्माणाधीन प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, गया का कार्य धीमा रहने, सभी भवनो में सीलन की समस्या आने, सीवेज की नालियाँ एवं STP का काम पूर्ण नहीं होने के कारण पूरा परिसर बहुत बुरी तरह से Stink करने के कारण संबंधित संवेदक, मे० सरयू गौतम कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, MIG Housing No-H1-165, Harmu Ranchi-834002 पर कार्रवाई करने की अनुशंसा किया गया ।

इस संबंध में अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन / कालीकरण संबंधी विभिन्न बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विभागीय पत्रांक–5267(भ)अनु० दिनांक–11.07.2024, 5706(भ) दिनांक–26.07.2024 एवं पत्रांक–8354(भ) दिनांक–17.10.2024 एवं पत्रांक–54(भ)अनु० दिनांक–02.01.2025 द्वारा संवेदक पर कार्रवाई करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया से अनुरोध किया गया था । जिसका जवाब अप्राप्त ।

दिनांक–20.02.2025 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन / कालीकरण संबंधी बैठक में पुनः इस मामलें पर विचार किया गया । विचारोपरांत समिति द्वारा अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया को स्मार पत्र देने का निर्णय लिया गया है। तदालोक में विभागीय पत्रांक–2354(भ) दिनांक–11.03.2025 द्वारा स्मारित किया गया । इसी बीच अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया का पत्रांक–449अनु0 दिनांक–10.03.2025 द्वारा जवाब उपलब्ध कराया गया है ।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन / कालीकरण संबंधी बैठक दिनांक–27.05.2025 को हुई जिसमें अधीक्षण अभियंता द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन पर समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा महानिदेशक बिपार्ड, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया का पत्रांक–1509 दिनांक–14.05.2024 द्वारा संवेदक, मे० सरयू गौतम कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, MIG Housing No-H1-165, Harmu Ranchi-834002 से ₹50,00,000 / –(पचास लाख)रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया हैं । अतएव समिति द्वारा इस मामले को संचिकास्त करने का निर्णय लिया गया ।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया द्वारा संवेदक मे० सरयू गौतम कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, MIG Housing No-H1-165, Harmu Ranchi-834002 का निबंधन संख्या–1210104 को ससमय कार्य एवं समस्याओं का निराकरण नहीं करने के कारण ₹50,00,000 / –(पचास लाख) रूपये जुर्माना लगाया गया हैं । अतएव इस मामले को विभागीय आदेश संख्या–5317(भ) दिनांक–12.06.2025 द्वारा संचिकास्त किया गया।

उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक, मे० सरयू गौतम कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, MIG Housing No-H1-165, Harmu Ranchi-834002 के पत्रांक–SGCPL/RNC/129/2025-26 दिनांक–11.07.2025 द्वारा सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के समक्ष अपील दायर किया गया। जिसके आलोक में संवेदक द्वारा किये गये अपील पर सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा यह मामला अपील का नहीं है। अतएव अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को स्वयं निर्णय लेने हेतु निदेश दिया गया है।

तदालोक में दिनांक–12.08.2025 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अध्यक्षता में निर्माणाधीन प्रशासनिक प्रशिक्षण गयाजी के निर्माण कार्य हेतु संवेदक, मे० सरयू गौतम कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, MIG Housing No-H1-165, Harmu Ranchi-834002 को दिये गये दण्ड के आलोक में विचार हेतु संयुक्त बैठक आयोजित की गयी।

उक्त बैठक में निदेशानुसार संवेदक, सरयु गौतम कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि० से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर मुख्य अभियंता(दक्षिण), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना, की अध्यक्षता में जाँच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्य अभियंता(द०) के सचिव प्रावैद्यिकी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना, अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गयाजी एवं कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी सदस्य होंगे ।

उक्त निर्णय के आलोक में विभागीय ज्ञापांक–7940(भ) दिनांक–26.08.2025 द्वारा विषयांकित मामले में समिति गठित करते हुए कंडिकावार संयुक्त जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश मुख्य अभियंता (दक्षिण)/मुख्य अभियंता(द०) के सचिव (प्रा०)/अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गयाजी/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी को दिया गया । जाँच प्रतिवेदन अप्राप्त।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण दिनांक–26.11.2025 को हुई बैठक में समिति द्वारा मुख्य अभियंता(द0), भ0नि0वि0, पटना की अध्यक्षता में गठित जाँच कमिटी से जाँच प्रतिवेदन की मांग करने का निर्णय लिया गया है। तदालोक में विभागीय पत्रांक–11389(भ) दिनांक–18.12.2025 द्वारा प्रतिवेदन दिया गया। जिसका जवाब प्राप्त।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण दिनांक–17.02.2026 को हुई बैठक में समिति द्वारा प्राप्त जवाब में जाँच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न नहीं रहने के कारण मुख्य अभियंता(द0), भ0नि0वि0, पटना को अंतिम बार स्मारित करने का निर्णय लिया गया। तदालोक में विभागीय पत्रांक–2387(भ) दिनांक–11.03..2026 द्वारा स्मारित किया गया। जिसका जवाब प्राप्त ।

अभियंता प्रमुख–संह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण दिनांक–07.07.2026 को हुई बैठक में समिति द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन स्पष्ट नहीं रहने के कारण मुख्य अभियंता(द0), भ0नि0वि0, पटना से स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु अंतिम स्मार पत्र देने का निर्णय लिया गया। तदालोक में विभागीय पत्रांक–6745(भ) दिनांक–21.07..2026 द्वारा स्मारित किया गया। जिसका जवाब प्राप्त ।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण दिनांक–06.10.2026 को हुई बैठक में समिति द्वारा मुख्य अभियंता(दक्षिण) से प्राप्त संयुक्त जाँच प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत समिति द्वारा पूर्व के आदेश संख्या–5317(भ) दिनांक–12.06.2025 को यथावत् रखते हुए मुख्य अभियंता(द०) को उक्त मामले में अधिरोपित अर्थदण्ड की कटौती कराते हुए अभियंता प्रमुख को सूचित करने का निर्णय लिया गया है।

अतएव समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में संवेदक, मे० सरयू गौतम कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, MIG Housing No-H1-165, Harmu, Ranchi-834002 का निबंधन संख्या–1210104 के विरूद्ध पूर्व में निर्गत विभागीय आदेश संख्या–5317(भ) दिनांक–12.06.2025 को यथावत् रखा जाता है।

ह0/–

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–04 / 2024.....पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, मे० सरयू गौतम कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, MIG Housing No-H1-165, Harmu Ranchi-834002 का निबंधन संख्या–1210104 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–04 / 2024.....पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / ऊर्जा विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना / मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–04 / 2024..... पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता(दक्षिण), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं उक्त आदेश का अनुपालनार्थ पत्र प्रेषित ।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–04 / 2024.....10201 (61)पटना,दिनांक–29/10/26

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28.10.26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव